nandgaon times june-26-2.qxd 6/25/2025 11:58 PM Page 1

कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने... पृष्ठ 2 | पर्यावरण संरक्षण के लिए निशुल्क... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स



नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559


गुरूवार, 26 जून 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 246, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

# लोकतंत्र को जीवित रखने एवं सशक्त करने के लिए जन-जागरूकता और सक्रिय भागीदारी अनिवार्य - मुख्यमंत्री साय

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित संविधान हत्या दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह अत्यंत आवश्यक है कि लोकतंत्र की हत्या के उस काले दिन को हमारी भावी पीढ़ी भी जाने, समझे और उससे सीख ले। आपातकाल के दौर को याद करते हुए भावुक हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वह कालखंड मेरे जीवन से गहराई से जुड़ा है। यह मेरे लिए मात्र एक घटना नहीं, बल्कि एक व्यक्तिगत पीड़ा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि उनके बड़े पिताजी स्वर्गीय श्री नरहरि प्रसाद साय आपातकाल के दौरान 19 माह तक जेल में रहे। उस समय लोकतंत्र सेनानियों के घरों की स्थिति अत्यंत दयनीय थी—कई बार घर में चूल्हा तक नहीं जलता था। ऐसे अनेक परिवारों को मैंने स्वयं देखा है। उन्होंने कहा कि निरंकुश सत्ता ने उस समय अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कुचल दिया था, नागरिक अधिकार छीन लिए गए थे। वास्तव में, वह लोकतंत्र का काला दिन था, जिसका दंश हमारे परिवार ने झेला है और जिसे मैंने स्वयं जिया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम के दौरान लोकतंत्र सेनानी परिवारों के सदस्यों से भेंट कर उन्हें सम्मानित किया तथा शॉल, श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार लोकतंत्र सेनानी परिवारों को सम्मान देने का कार्य कर रही है। इन परिवारों को प्रतिमाह 10 हजार से 25 हजार रुपए तक की सम्मान राशि दी जा रही है—यह उनके संघर्ष और बलिदान को नमन करने का एक विनम्र प्रयास है। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं और युवाओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान की रक्षा हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे आपातकाल के इतिहास को जानें, पढ़ें और समझें कि किस प्रकार उस कालखंड में संविधान को कुचला गया था। लोकतंत्र को जीवित रखने और सशक्त करने के लिए जन-जागरूकता और सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अपने संबोधन में




कहा कि भारत के संविधान और लोकतंत्र पर आपातकाल एक ऐसा कलंक है, जिसे इतिहास में काले अक्षरों में दर्ज किया गया है। आपातकाल थोपकर न केवल संविधान को निष्क्रिय कर दिया गया, बल्कि मौलिक अधिकारों को समाप्त कर लोकतंत्र की आत्मा को कुचल दिया गया। उन्होंने कहा कि उस समय देश को एक खुली जेल में बदल दिया गया था, जिसमें भय और आतंक का वातावरण था। एक लाख से अधिक लोगों को बिना न्यायिक प्रक्रिया के जेलों में बंद कर दिया गया, और उन्हें यातनाएं दी गईं। यह केवल राजनीतिक दमन का दौर नहीं था, बल्कि भारत की लोकतांत्रिक चेतना को समाप्त करने का सुनियोजित प्रयास था। डॉ. सिंह ने युवाओं से आह्वान किया कि वे आपातकाल के विषय में शोध करें, पढ़ें और समझें कि लोकतंत्र की रक्षा हेतु कितने लोगों ने अपने प्राणों की आहुति दी। भविष्य में लोकतंत्र को सुरक्षित बनाए रखने के लिए हमें सदैव जागरूक और सजग रहना होगा।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति श्री बलदेव भाई शर्मा ने कहा कि 25 जून 1975 भारतीय लोकतंत्र का सबसे शर्मनाक और काला दिन था। इस दिन संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों को जिस तरह से कुचला गया, उसका कोई दूसरा उदाहरण विश्व इतिहास में नहीं मिलता। संविधान में मनमाने ढंग से संशोधन किए गए, जिससे देश की आत्मचेतना और नागरिक अधिकारों का दमन हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर आयोजित जनजागरूकता रैली में भी भाग लिया। मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष ने आपातकाल पर आयोजित विशेष प्रदर्शनी का किया अवलोकन मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर आधारित विशेष प्रदर्शनी का अवलोकन किया। स प्रदर्शनी में आपातकाल के दौरान की दमनकारी नीतियों, मानवाधिकारों के उल्लंघन और लोकतंत्र के हनन को चित्रों एवं दस्तावेजों के माध्यम से दर्शाया गया।

# दामिनी साहू को समाज सेवा शिरोमणि पुरुस्कार से नवाजा जाएगा, 28 जून को

**= सामाजिक सेवा, महिला सशक्तिकरण और सांस्कृतिक चेतना में उल्लेखनीय योगदान के लिए मिलेगा सम्मान**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले से सामाजिक सरोकारों में सक्रिय महिला दामिनी साहू को च्समाज सेवा शिरोमणि पुरुस्कार ज्ज् से सम्मानित किया जाएगा। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें 28 जून 2025 को मुंबई में आयोजित च्अखिल भारतीय प्रतिभा प्रेरणा महोत्सव 2025ज्ज् में प्रदान किया जाएगा। यह आयोजन भारत रत्न लता मंगेशकर नाट्यगृह, भायंदर (मुंबई) में बड़े ही भव्य रूप में संपन्न होगा।

**ग्रामीण नेतृत्व व महिला सशक्तिकरण में निभाई अग्रणी भूमिका**

दामिनी साहू को यह सम्मान ग्रामीण नेतृत्व, महिला स्वसहायता समूहों के गठन, बाल अधिकारों की पैरवी, किसान संगठनों की स्थापना और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण जैसे क्षेत्रों में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए दिया जा रहा है।



**यह सम्मान समाज को समर्पितज्ज् - दामिनी साहू**

पुरस्कार की घोषणा पर प्रतिक्रिया देते हुए श्री साहू ने कहा, च्यह सम्मान मेरे लिए नहीं, उन हजारों ग्रामीणों, महिलाओं और युवाओं के लिए है, जिन्होंने आत्मनिर्भरता और परिवर्तन की राह अपनाई।

**महोत्सव में दिखेगा भारत की विविधता का रंग**

कार्यक्रम का शुभारंभ एडमिरल क्रांति महाजन के स्वागत भाषण से होगा, जो इस आयोजन को च्भारत की चेतना का उत्सवज्ज् बताएंगे। महोत्सव में समाज सेवा, शिक्षा, पर्यावरण, नारी सशक्तिकरण और सांस्कृतिक चेतना पर आधारित पुस्तकों का विमोचन व वितरण होगा। छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और समाजसेवियों को ये पुस्तकें भेंट की जाएंगी।

**लोकनृत्य, संगीत और संस्कृति की झलक**

कार्यक्रम की खास आकर्षण होंगी भारत के विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, जिनमें महाराष्ट्र की लावणी, छत्तीसगढ़ का पंथी, असम का बिहू, राजस्थान का घूमर, उत्तराखंड का झोड़ा और कर्नाटक का यक्षगान शामिल हैं। ये प्रस्तुतियाँ दर्शकों को भारत की सांस्कृतिक एकता और विविधता से रूबरू कराएंगी।

# सीईओ जिला पंचायत ने महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत के सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग की विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान पोट्ठ लईका पहल की मैदानी स्तर पर क्रियान्वयन की गहनता से विस्तृत चर्चा की गई। सीईओ जिला पंचायत ने जिले में कुपोषण में कमी लाने हेतु गंभीर रूप से कुपोषित बच्चे, मध्यम कुपोषित बच्चे एवं अति गंभीर कुपोषित बच्चों व मध्यम कुपोषित बच्चों के पोषण स्तर में सुधार की गहन समीक्षा की। मैदानी स्तर पर कार्य करने वाले पर्यवेक्षकों को कुपोषण दूर करने हेतु व्यवहार परिवर्तन करने हेतु सघन अभियान चलाकर कार्य करने के साथ-साथ स्वच्छता पर ध्यान देने हेतु मार्गदर्शन दिया। उन्होंने मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु पानी को उबालकर पीने, आसपास साफ-सफाई एवं हाथों की स्वच्छता पर ध्यान देने हेतु विशेष सलाह दी। इसके साथ ही विभाग द्वारा क्रियान्वित किये जा रहे अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की सेक्टरवार समीक्षा की।









# कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने राजनांदगांव शहर में यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के दृष्टिगत अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली

## सड़कों में अतिक्रमण हटाने के कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश, पार्किंग व्यवस्था पर ध्यान केन्द्रित करते हुए कार्य करने की आवश्यकता

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजनांदगांव शहर में यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के दृष्टिगत अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि शहर में यातायात तथा पार्किंग व्यवस्था मजबूत बनाने के लिए स्थायी तौर पर स्थायी समाधान की दिशा में आगे बढ़ना है। उन्होंने सड़कों में अतिक्रमण हटाने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण के कारण आवागमन बाधित होता है, अतिक्रमण हटाने से यातायात व्यवस्था में होने वाली समस्या का समाधान हो सकेगा। उन्होंने कहा कि पार्किंग व्यवस्था पर ध्यान केन्द्रित करते हुए कार्य करने की आवश्यकता है। शहर में सुचारू यातायात व्यवस्था के लिए यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों पर चालान काटने की कार्रवाई करें। उन्होंने चिखली स्थित ओव्हर ब्रिज पर अस्थायी डिवाइडर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर में सुरजन गली, कामठी लाईन, मानव मंदिर चौक, आजाद चौक सहित अन्य चौक में ट्रांसफार्मर एवं बिजली पोल हटाया जाना है। इसके कारण शहर में ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित होती है और यातायात बाधित होता है। उन्होंने विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता को ट्रांसफार्मर एवं बिजली पोल को अन्य स्थान पर स्थानांतरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर में नो एण्ट्री, वन-वे, स्पीड ब्रेकर सहित अन्य सूचनात्मक एवं दिशा सूचक बोर्ड लगाने की जरूरत है। जिससे वाहन चालकों में सावधानी एवं सजगता होती है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना को ध्यान में रखते हुए ऐसे चिन्हांकित स्थानों में सुधारात्मक कार्य, सड़क सुरक्षा नियमों का पालन से संबंधित बोर्ड लगाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना पर रोकथाम के लिए विशेष तौर पर कार्य करने की जरूरत है।




पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने कहा कि शहर में यातायात व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए अतिक्रमण हटाने से समस्या का समाधान हो सकेगा। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना की रोकथाम करने के लिए चिन्हांकित दुर्घटनाजन्य स्थानों में सुधार कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों पर कार्रवाई करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि ठेला, पसरा लगाने वालों के लिए स्थायी व्यवस्था करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि शहर में जय स्तंभ चौक, मानव मंदिर चौक में जाम की स्थिति बनती है। सुचारू यातायात व्यवस्था के लिए पार्किंग एवं निर्बाध आवागमन के लिए पुख्ता व्यवस्था बनाने की आवश्यकता है। इसके लिए नये पार्किंग स्थल के संबंध में चर्चा की गई। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम श्री खेमलाल वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## समीक्षा बैठक में पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने जनपद पंचायत पंडरिया अंतर्गत अधोसंरचना निर्माण एवं विकास कार्यों की समीक्षा की

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** जनपद पंचायत पंडरिया की समीक्षा बैठक में अधोसंरचना निर्माण एवं विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण व तय समय पर पूर्ण करने विधायक भावना बोहरा ने दिए निर्देश आज जनपद पंचायत सभागार, पंडरिया में विधायक भावना बोहरा ने जनपद पंचायत अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की और विकास कार्यों एवं अधोसंरचना निर्माण को गुणवत्तापूर्ण एवं तय समय में पूरा करने तथा जनता द्वारा प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की और जनता को उसका लाभ समय पर दिलाने एवं पूर्ण पारदर्शिता के साथ कार्य करने के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कृषि,शिक्षा, स्वच्छता, विकास एवं अधोसंरचना निर्माण कार्यों और जनता की सुविधाओं तथा योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन की समीक्षा कर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।



## नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी का संदेश व्वस्वस्थ नागरिक, विकसित कवर्धा

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** स्वच्छ, सुंदर और विकसित कवर्धा की संकल्प को साकार करने के लिए नगर पालिका परिषद कवर्धा अब नागरिकों के स्वास्थ्य को लेकर भी गंभीर कदम उठा रही है। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के नेतृत्व में शहरवासियों को चिंता, तनावग्रस्त से मुक्त रखने का संकल्प लेते हुए नि:शुल्क नियमित योग सत्र का आयोजन शुरू किया गया है। यह योग सत्र प्रतिदिन सुबह 5.30 बजे से 6.30 बजे तक कवर्धा के शारदा संगीत महाविद्यालय परिसर में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का संचालन पतंजलि योग समिति तथा नगर पालिका परिषद कवर्धा के संयुक्त तत्वाधान में आज से प्रारंभ किया गया है।



## आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने मीसा बंदियों को किया सम्मानित

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में मीसा बंदियों का गरिमामय सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने लोकतंत्र सेनानियों (मीसा बंदियों) एवं उनके परिजनों को शॉल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया तथा उनके अदम्य साहस और संघर्ष को नमन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडरिया विधायक भावना बोहरा, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू एवं नगरपालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी के तैल्य चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया गया।



## कलेक्टर ने खरीफ सीजन को लेकर कृषि व बीज भंडार केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने खरीफ सीजन में खाद बीज की उपलब्धता और नियमितता के लिए आज कवर्धा शहर के खाद-बीज विक्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महावीर कृषि केंद्र और वर्धमान बीज भंडार का विशेष रूप से दौरा कर वहां उर्वरकों और बीजों की उपलब्धता, मूल्य सूची और वितरण व्यवस्था की बारीकी से जांच की। कलेक्टर ने दोनों दुकानों में डी.ए.पी., यूरिया, पोटाश, एन.पी.के., एस.एस.पी. सहित अन्य रासायनिक उर्वरकों और बीजों की उपलब्धता की जानकारी ली।



उन्होंने मूल्य सूची का निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया कि सभी विक्रेताओं को स्पष्ट और अद्यतन मूल्य सूची दुकान में अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करनी चाहिए ताकि किसानों को भ्रम की स्थिति न हो। उन्होंने विक्रेताओं को सख्त हिदायत दी कि किसानों को निर्धारित दरों पर ही खाद उपलब्ध कराई जाए, और किसी भी प्रकार की जमाखोरी या अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री वर्मा ने दुकानों के गोदामों का भी निरीक्षण किया।

## आरटीई के तहत द्वितीय चरण छात्र पंजीयन 12 जुलाई तक

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के तहत शिक्षा सत्र 2025-26 में द्वितीय चरण छात्र पंजीयन (आवेदन) 1 से 12 जुलाई 2025 तक किया जाएगा।

नोडल अधिकारियों द्वारा 2 से 19 जुलाई 2025 तक दस्तावेजों की जांच एवं आवेदन त्रुटि सुधार हेतु अवगत कराया जाएगा। लॉटरी एवं आबंटन की तिथि 22 एवं 23 जुलाई तथा स्कूल दाखिला प्रक्रिया 25 से 31 जुलाई 2025 तक करनी है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खंड,
मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.)
E-mail-eemohla-cg@nic.in
// निविदा निरस्तीकरण सूचना //

इस कार्यालय द्वारा आंमत्रित निविदा, निविदा सूचना/सिस्टम क्र/दिनांक 03/169087/23-05-2025 (जी कंमाक 252601147) की निविदा एकल निविदा होने से निरस्त किया जाता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य द्रयांत्रिकीय खण्ड,
मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.)

जी- 252601736/5

# स्कूल में शिक्षा के साथ संस्कार भी सीखें बच्चे

## जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में मनेरी स्कूल में संकुल स्तरीय भव्य शाला प्रवेश उत्सव मना

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगांव संकुल प्राचार्य ए.आर. साहू एवं संकुल समन्वयक नीलमणी साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन के आदेशानुसार प्रदेश सहित विभिन्न स्कूलों में शाला प्रवेशोत्सव का शानदार आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में संकुल समग्र शिक्षा केन्द्र मनेरी में जन्म प्रतिनिधियों की मौजूदगी में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम 23 जून सोमवार आयोजित किया गया। शाला प्रवेशोत्सव के ऐतिहासिक पल में दिनेश गांधी रामकुमार गुप्ता दीना पटेल विवेक मंडावी डोंगरगांव, भीषणदास साहू सरपंच ग्राम पंचायत मनेरी, ओमकार साहू उपसरपंच ग्राम पंचायत मनेरी, क्षितिज सोरी सहा. वि. खं. शि. अधिकारी डोंगरगांव, डाकेश्वरनिषाद, जनक साहू, ताराचंद साहू, डोमन साहू, कमलेश साहू, पोहन दास साहू आदि ग्राम मनेरी पालक वर्ग बहुत सी संख्या मे सम्मिलित रहे। यह आयोजन संकुल समग्र शिक्षा केन्द्र मेनरी शास. उ. मा. शाला मनेरी पूर्व मा. शाला मनेरी / गुंगेरी नवागाँव, प्राथमिक शाला मनेरी, गनेरी, बरगांव, जामसरार कला गुंगेरी नवागाँव ग्राम पंचायत मनेरी एवं समस्त ग्रामवासी मनेरी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया है। इस अवसर पर प्राचार्य ए आर साहू संकुल समन्वयक नीलमनी साहू भवर लाल देवांगन प्रधान पाठक मोनिका चंद्राकर मनीषा घरडे श्याम निकाजू धनराज मेश्राम विकास कुंजाम सरोज पाटिल पूनम द्विवेदी मनराखन देवांगन माधव साहू विनोद शर्मा खेमलता खरे भुनेशवरी कोर्राम पूनम जोशी सरस्वती सिन्हा सुमन यादव नीता साहू जागृत साहू अरुनधती रत्नाकर आदि शिक्षकों की उपास्थित रही उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे 9वी पूर्व माध्यमिक विद्यालय से 6वी एवं प्राथमिक विद्यालय से पहली के छात्रों को मुँह मीठा कर गणवेश प्रदान कर प्रवेश दिलाई गईं 9वी के छात्राओं को सरस्वती सायकल योजना के तहत सायकल प्रदान किया गया।



# शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला टप्पा में मना शाला प्रवेश उत्सव

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला टप्पा में जागृति चुन्नी यदु सदस्य जिला पंचायत राजनंदगांव के मुख्य आतिथ्य में शाला प्रवेश उत्सव उत्साह पूर्वक मनाया गया। मां सरस्वती के तैल चित्र पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि सहित कार्यक्रम अध्यक्ष कांति चंद्रवंशी सदस्य जनपद पंचायत डोंगरगांव, सरपंच लोकेश्वरी सिन्हा ,शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भुनेश्वर साहू, भिखूराम साहू , चंद्रेश वर्मा, सलेखा साहू,उभे राम साहू, पुरुषोत्तम साहू, संस्था के प्राचार्य जितेंद्र कुमार सिंह ने नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर और मुंह मीठा करा कर स्वागत किया। बच्चों को गणवेश व पुस्तके वितरित की गई ।प्राथमिक शाला व माध्यमिक शाला के बच्चों को महिला समूह के द्वारा नेवता भोज मे खीर पुरी खिलाकर स्वागत किया।मुख्य अतिथि जागृति चुन्नी यदु ने शिक्षा के महत्व व उपयोगिता को बतलाते हुए मन लगाकर पढ़ाई करने हेतु प्रेरित किया एवं एक अच्छे नागरिक बनने की बात कही। सरपंच व जनपद सदस्य ने कहीं की प्रवेश उत्सव का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना और उन्हें स्कूल के वातावरण में सहज महसूस कराना है। अध्यक्ष भुनेश्वर साहू ने कहा कि अनुशासन में रहते हुए हमें शिक्षा ग्रहण करना चाहिए इससे हमारे अंदर आत्मविश्वास व चारित्रिक गुणो का विकास होता है। इस अवसर पर प्राचार्य जितेंद्र कुमार सिंह अपने कृष्ण शरण सिंह की स्मृति में कक्षा दसवीं में प्रथम स्थान प्राप्त छात्रा योगिता सिन्हा व कक्षा 12 वीं मे प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रो दीक्षा वर्मा, संदीप कुमार नेताम एवं भवानी शंकर वर्मा को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में हुकुमचंद सिन्हा, दिनेश सिन्हा, भगत साहू, नीलम यादव सहित शिक्षक शिक्षिकाएं व ग्रामवासी उपस्थित थे।



# ड्राईंग में यामिनी कला केन्द्र के कला साधक श्रेष्ठ

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** महाराष्ट्र शासन द्वारा संचालित एलीमेण्ट्री एवं इंटरमीडियेट ड्राईंग ग्रेड परीक्षा में नगर की बहुआयामी संस्था यामिनी क्रीड़ा एवं कला केन्द्र के छात्र-छात्राओं ने शानदार सफलता हासिल की है। संस्था के अध्यक्ष रीतेश देवांगन ने बताया की संस्था में एलीमेण्ट्री एवं इंटरमीडियेट ड्राईंग ग्रेड का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। एलीमेण्ट्री परीक्षा में आयुषी ठाकुर, सौरभ देवांगन, डेविड कुमार, सागर देवांगन, विकास साहू, ममता कंवर, हरिनारायण कंवर व अरूण दास मानिकपुरी सभी च्व्एज्ज् ग्रेड से उत्तीर्ण रहें। प्रियल यदु व इंद्रजीत रंगारे च्बीज्ज् ग्रेड से उत्तीर्ण रहे। इंटरमीडियेट ड्राईंग ग्रेड परीक्षा में श्वेता निर्मलकर, त्रिशाल देवांगन, आयुषी यादव व अंशिका वाडेकर सभी च्व्एज्ज् ग्रेड से उत्तीर्ण रहें। जबकि सांझी श्रीवास व प्रेरणा पाल भी उत्तीर्ण हुए। इस शानदार सफलता पर सुनील भागवत, रीतेश देवांगन, पुनाराम यादव, राकेश यादव, गजानन पाटिल, सेविता देवांगन, पारूल डुंभरे, जयेश मुदलियार, आशीष यादव, विमल शर्मा, उदेराम देवांगन, सरला यादव, डॉ. ओजस्वनी शर्मा, तरूण भास्कर गुप्ता, भीष्म देवांगन, आदर्श गुप्ता, सुनील चन्द्राकर व राजेश भारती सहित अन्य सदस्यों ने सफल परिक्षार्थियों को शुभकामनाएं दी।



# ब्रह्माकुमारीज की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती जी की 60वीं पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अंतर्राष्ट्रीय संस्था प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती जी को लाल बाग स्थित स्थानीय सेवाकेंद्र वरदान भवन में उनके 60वीं पुण्य स्मृति दिवस पर24जून को ब्रह्माकुमारीज़ परिवार द्वारा भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा दीदी जी ने मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती जी के गुण एवं विशेषताओं के साथ ही उनके त्याग तपस्या एवं संस्था के प्रति अभूतपूर्व योगदान को याद कर उनसे प्रेरणा लेकर जीवन को उनके समान बनाने के लिए भी प्रेरित किया । इस अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव , पूर्व महापौर नरेश डाकलिया , पार्षद राजामाखीजा,पार्षद चंद्रशेखर लश्करे,पार्षद सावन वर्मा,पार्षद रवि सिन्हा,प्रो कृष्णकुमार द्विवेदी,लोकपाल अमलेन्दु हाजरा,वरिष्ठ पत्रकार सी एल जैन सोना,महाकाल भक्त राजू डागा,महेश जॉनी,सुदामा मोटलानी,डॉ नरेन्द्रगाँधी,सुरेश भीम नानी,दिनेश भट्टर,जुगल लड्ढा,वकील रमेश गुप्ता,हरीश गाँधी,कृष्णकुमार शर्मा,प्राचार्य भारती गौते,समाजसेवी शारदातिवारी,डॉ प्राची अग्रवाल,योग शिक्षिका डॉ साधना तिवारी,श्रीमती रूप साहू,अनिता जैन सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



## हमारे संस्कार हमारी पहचान के संस्कार कोर्स से शिक्षा में नई क्रांति

**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** गायत्री परिवार की रुपाली जो निरंतर कई वर्षों से बाल संस्कार के क्षेत्र में सेवा कार्य कर रही है, इसी अनुभव के आधार पर श्रीमती गांधी ने शिक्षा के साथ संस्कार और बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण, चरित्र निर्माण हेतु संस्कार के कोर्स का निर्माण किया है,जिसमे बच्चो को खेल खेल में कहानिया , एक्टिविटीज, कविताओं आदि के द्वारा जीवन निर्माण के सूत्र और अच्छी अच्छी आदतें को आसानी से सिखाया जा रहा है। विशेष बात है की राजनांदगांव के इस कोर्स को महानगर पुणे की ज्ञ्द्वस्न्न्5द्गद्ग जैसी बड़ी स्कूले और, गायत्री गुरुकुल अपने कोर्स मे लागू कर चुकी है और देश के साथ विदेश मे भी रहने वाले भारतीयों के बीच भी निरंतर इसकी मांग बढ़ रही है। इस कोर्स को लेकर रुपाली हरीश गांधी की ष्ठ्ठह्यद्ग के चेयरमैन के साथ लंबी मीटिंग भी हुई और माननीय प्रधानमंत्री तक भी ये किट पहुँच चुका है। रुपाली ने बताया की वो इसकी पूरी सीरीज तैयार कर रही है, इसमें संस्कार किट का अगला भाग भी आ चुका है, उन्होंने बताया की ये सब वो गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी के आशीर्वाद मार्गदर्शन और शांतिकुंज की प्रेरणा से ही कर पा रही है।



**शुभांक**
2-3-4
279-8 137-1

**भाग्यांक**
470-1 567-8

**नाम परिवर्तन**

मैं नागेश सिंह आ0 राम सिंह ग्राम-दर्री, तहसील-डोंगरगांव, जिला-राजनांदगांव (छ0ग0) का निवासी हूं, जो कि मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश नागेशवर सिंह राजपूत आ0 राम सिंह राजपूत व जन्म दिनांक 06/05/2006 दर्ज हैं जिसे सुधार कर नागेश सिंह आ0 राम सिंह व जन्म दिनांक 31/05/2007 दर्ज किया जावे।

**नागेश सिंह**
**आ. राम सिंह**
**ग्राम-दर्री, तहसील-डोंगरगांव, जिला-राजनांदगांव**

# महारानी वीरांगना दुर्गावती की 461वी बलिदान दिवस समारोह का आयोजन किया गया

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राजनांदगांव,में जिला आदिवासी गोंड महासभा राज, रामकृष्ण नगर में गोंड समाज की ओर से गोंडवाना की महारानी वीरांगना दुर्गावती की 461वी बलिदान दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ रमन सिंह जी , अध्यक्ष विधानसभा छ, ग् के द्वारा वीरांगना महारानी दुर्गावती के तेल चित्र का पूजा अर्चना कर माल्यार्पण किया गया,इस अवसर पर पूरा हाल महारानी दुर्गावती बलिदान दिवस अमर रहें ,के नारे से गुंज उठा। सभा में अतिथि के रूप में श्री संतोष पांडे जी सांसद राज,एम डी ठाकुर, अध्यक्ष गोंड महासभा, श्री योगेश्वर दत्त मिश्रा जी , अध्यक्ष,श्रम विभाग,कोमल सिंह राजपूत जिला अध्यक्ष सहित समाज के प्रमुख लोग मंचस्थत थे। अतिथियों का स्वागत गज हार स्मृति चिन्ह शाल श्रीफल से किया गया ।सुश्री ममता शिंदे द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। जिला अध्यक्ष श्री गढ़े जी ने समाज का वार्षिक प्रतिवेदन वाचन करते हुए,शहर के गोंडवाना भवन के सामने चौक को वीर नारायण सिंह के नाम पर रखने की मांग रखे। मुख्य अतिथि माननीय डाक्टर रमन सिंह जी, महारानी दुर्गावती सम्मान से मास्टर गुगल ब्वॉय रुद्र शर्मा, मेघावी बच्चों , डॉ विनीता ध्रुव ,गढ़े जी,एम डी ठाकुर,सीताराम ठाकुर, पन्नालाल नेताम,पुष्पा यूके,मानिक चंद्रवंशी,राजेन्द्र ठाकुर,वीना ध्रुव,ममता शिंदे,मनोज यादव,रघु ठाकुर का प्रतीक चिन्ह शाल श्रीफल से सम्मान किये। मुख्य अतिथि माननीय डाक्टर रमन जी ने गोंडवाना के महान बलिदानी के बारे में विस्तार से बताया, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की बात समाज के सामने रखे। कार्यक्रम में समाज के सुदर्शन सोरी,हर्ष सिंग,बीरबल ठाकुर,खिलावन,पूनम तराम,रामप्रसाद मंडावी,जी के ध्रुव,संत राम गोंड,सुन्दर सिंह,प्रहलाद , रामेश्वर,दिलीप ठाकुर सहित समाज के लोग उपस्थित थे।



**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगांव के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202506090100008/31-21(1)**

विषयः- अ-21 (1). मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2024-2025
रामपुर (प ह न. 00035),
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार - श्री पवन सिंह रावटे,
अनावेदक पक्षकार -छ.ग. शासन,

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री पवन सिंह रावटे आ. श्री सुन्दरू राम रावटे, जाति हल्बा निवासी ग्राम पुतरवाही, तहसील डौंडी. जिला बालोद द्वारा स्वयं के नाम की ग्राम रामपुर, प.ह.नं. 35, रा.नि.गं. अर्जुनी. तहसी डोंगरगांव स्थित कृषि भूमि खसरा नं. 209 एवं 205 11 रकबा क्रमशः 0.1580 हे. एवं 0.1650 है. कुल खसरा नं. 02 कुल रकर 0.3230 है. भूमि को बच्चों की उच्च शिक्षा, मकान निर्माण तथा घरेलू चिकित्सकीय खर्च हेतु रकम की आवश्यकता होने से गै आदिवासी व्यक्ति श्री शंकरलाल ज्ञानचंदानी आ. स्व. श्री बिसन दास ज्ञानचंदानी एवं श्री शैलेन्द्र कुमार शर्मा आ. श्री शंभू दयाल शम दोनों निवासी रिद्धी-सिद्धी कॉलोनी, कौरिनभांठा, राजनांदगांव के पक्ष में विक्रय की अनुमति हेतु भू-राजस्व संहिता की धारा 165 16 के तहत् आवेदन पत्र मय दस्तावेज के प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 11/7/2025 के पूर्व स्वयं अथवा अप अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं, समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20/06/2025 को जारी किया जाता है।

सील तहसीलदार डोंगरगांव

**न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

-:: ईश्तहार::-

रा0मा0 क्रं0 202506090100010
ए-21 (1) वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती झुनिया बाई गोंड पति चंद्रिकादास गोड़ पिता जोहनलाल जाति गोंड निवासी बजरंगपुर वार्ड नं. 01 तहसील व जिला राजनांदगांव द्वारा स्वयं के नाम की ग्राम कौरिनभाठा तहसील व जिला राजनांदगांव स्थित खसरा नंबर 364/1 रकबा 0.1760 हे व खसरा नंबर 529/5 रकबा 0.0404हे. एवं ग्राम पेन्ड्री स्थित भूमि खसरा नंबर 646/2 रकबा 0.110हे. को मकान निर्माण तथा कृषि कार्य हेतु उन्नत उपकरण लेने एवं भूमि कय करने के लिये, आर्थिक स्थिति में सुधार करने के लिये रकम की आवश्यकता होने से गैर आदिवासी के पास उपरोक्त भूमि को विक्रय की अनुमति बाबत् अनुविभागीय अधिकारी, रा. राजनांदगांव के माध्यम से जांच हेतु प्राप्त हुआ है। प्रकरण प्रक्रियाधीन है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी कोई दावा / आपत्ति पेश करना हो तो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 09/07/2025 को उपस्थित होकर पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 24/06/2025 को मेरे स्वंय के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

**जारी दिनांक - 24/06/2025**
**सुनवाई दिनांक - 09/07/2025**

सील तहसीलदार, राजनांदगांव (छ.ग.)

## ज्ञान मंथन

*1) अयोध्या विवाद फैसला बाद राम मंदिर शिलान्यास को कुल कितने दिन लगे?*

*2) बीजक लेख किस राजा से सम्बंधित है?*

*3) जाड़े के दिनों में तमिलनाडु के तटों पर होने वाली वर्षा का मुख्य कारण क्या है?*

*4) हर साल राष्ट्रीय प्रेस दिवस किस दिन मनाया जाता है?*

*5) अलिक्स डिडियर फिल्स-ऐम किस कैरेबियाई देश के प्रधानमंत्री चुने गए हैं?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) 30 साल 8 महीने 27 दिन (2) अशोक (3) लौटता मानसून (4) 16 नवंबर (5) हैती

## कलेक्टर ने वायु सेना में जाने जिले के युवाओं से की अपील

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारत सरकार की अग्निपथ योजना भारतीय युवाओं को नौसेना, वायु सेना और थल सेना में उपयुक्त पैकेज देने के साथ-साथ एक गौरवशाली जीवन का एक सुनहरा अवसर प्रदान करती है। इसी कड़ी में राजनांदगांव जिले के सभी विकासखंडों में वायु सेना में जाने एवं आवश्यक मार्गदर्शन एवं जानकारी प्रदान करने के लिए कैरियर गाइडेंस का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत वायु सेना के विंग कमांडर एवं कमांडिंग अफसर द्वारा छत्तीसगढ़ के योग्य युवक एवं युवतियों को अग्नि वीर वायु सेना को कैरियर के रूप में चयन करने की प्रक्रिया और भविष्य के उज्जवल निर्माण के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। भारतीय वायुसेना के अधिकारियों द्वारा 25 जून से 29 जून तक राजनांदगांव जिले के विभिन्न विकासखंडों में कैरियर गाइडेंस का आयोजन किया गया है। राजनांदगांव विकासखंड के दिग्विजय कॉलेज में 26 जून 2025 को सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक तथा बसंतपुर स्कूल में दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजन किया गया है। डोंगरगढ़ विकासखंड के खालसा स्कूल डोंगरगढ़ में 27 जून 2025 को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजन किया जाएगा।



## सोख्ता गड्ढा पानी को व्यर्थ होने से बचाता है और भूजल स्तर को बढ़ाने में मददगार : अध्यक्ष जिला पंचायत

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले में वर्षा के जल को संरक्षण करने के उद्देश्य से हर ग्रामों के घर में सोख्ता गड्ढा बनाने एवं पौधरोपण का अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ने छुरिया विकासखंड के ग्राम भंडारपुर में ग्रामीणों के घर में सोख्ता गड्ढा बनाकर अभियान की शुरूआत की। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि सोख्ता गड्ढा पानी को न केवल व्यर्थ होने से बचाता है, बल्कि भू-जल स्तर को बढ़ाने में भी मदद करता है। सोख्ता गड्ढा पर्यावरण को साफरखने में मदद करता है, क्योंकि यह गंदे पानी को साफकरके जमीन में रिसने देता है। उन्होंने ग्रामीणों से अपने-अपने घरों पर सोख्ता गड्ढा बनाकर वर्षा के जल का संरक्षण करने की अपील की। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया तथा ग्रामीणों को भी पौधरोपण करने एवं प्लास्टिक मुक्त गांव बनाने की भी आव्हान किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत सभापति श्रीमती उत्तरा निषाद, सरपंच श्रीमती सीमा चन्द्रवंशी, ग्राम पटेल श्री दसरथ चंद्रवंशी, श्री रमेश चंद्रवंशी, श्रीमती मुनबाई चंद्रवंशी, श्रीमती यशोदा पटेल, श्रीमती यशोदिया साहू, श्री चुनुराम साहू, श्री गैंदालाल साहू, श्रीमती सावित्री चंद्रवंशी, पंच श्री संजू साहू, श्री हेमंत साहू, श्री धनंजय जंगीर, श्रीमती दुर्गा सिन्हा, दीपा सिन्हा, खिलेश्वरी सिन्हा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



# पर्यावरण संरक्षण के लिए निशुल्क बीज पोस्ट आफिस के माध्यम उपलब्ध कर रहे पर्यावरण प्रेमी भोज


### छत्तीसगढ़ के अनेकों शहर के अलावा आगरा, चंद्रपुर जबलपुर जैसे शहरों में बीज पोस्ट आफिस के माध्यम से भेज रहे बीज



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** बारिश के मौसम में पर्यावरण संरक्षण का सबसे अच्छा मौका है अगर स्वयं पौधे को तैयार कर के रोपित करते हैं तो आनंद ही अलग होता है लेकिन आज कल लोग सोशल मीडिया से इस कदर जुड़ चुके हैं कि कब दिन और कब रात होता है पता नहीं चलता है हर कोई सोशल मीडिया का उपयोग कर रहे हैं कोई अपने समय समय बिताने के लिए करते हैं तो कोई सोशल मीडिया के माध्यम से बिजनेस कर पैसे कमा रहे हैं लेकिन नगर पर्यावरण प्रेमी भोज साहू सोशल मीडिया का उपयोग पर्यावरण संरक्षण के लिए निशुल्क बीज वितरण कर के कर रहे हैं अभी बारिश में बीज रोपित करवाने के लिए जरूरत मंद लोग जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काम करना चाह रहे हैं ऐसे लोगों तक निशुल्क बीज उपलब्ध करा रहें हैं। लगातार चार वर्षों से इसी तरह निशुल्क बीज उपलब्ध कराते आ रहें हैं। अमलतास गुलमोहर हर्रा बेहेरा रीठा पलास,करंज इमली अशोक जैसे बीजों को एकत्रित किया है और इसे भेज रहे हैं

**श्री साहू पर्यावरण प्रेमी ने बताया कि छत्तीसगढ़ के साथ साथ अन्य राज्यों के लोगों को बीज भेज रहे हैं**

सोशल मीडिया पर कुछ दिन पहले अमलतास गुलमोहर हर्रा बेहेरा रीठा इमली व डोंगरगांव के क्षेत्र मशहूर आम का विडियो बनाकर फेसबुक,यू ट्यूब वाट्स एप पर शेयर किया था जिस पर सोशल मीडिया के माध्यम से बीज का मांग करने लगे जिस पर पर्यावरण प्रेमी ने बीज एकत्रित कर पोस्ट आफिस के माध्यम से अपने खर्च पर नि:शुल्क बीज उपलब्ध करा रहे है अब तक छत्तीसगढ़ से राजनांदगांव,बालोद, दुर्ग, बलौदाबाजार-भाटापारा , देवभोग -गरियाबंद, कवर्धा मानपुर मोहला बिलासपुर इसके अलावा छत्तीसगढ़ के बाहर आगरा नागपुर चंद्रपुर जबलपुर जैसे बड़े शहरों तक नि:शुल्क बीज भेजकर पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित कर रहे हैं।



**भोज पर्यावरण प्रेमी के नन्हे बेटा वृक्षांश भी बीज एकत्रित करने में अपने पिता का मदद कर रहे हैं**

श्री साहू पर्यावरण प्रेमी तो लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए अनेकों तरीके से जागरूकता अभियान चलाकर जागरूक करते आ रहे हैं श्री साहू विगत 2011 से पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्यरत हैं बारिश के दिनों में वृहद वृक्षारोपण जैसे अनेकों कार्य कर चुके हैं वहीं गर्मी के दिनों में पशु पक्षियों के लिए सकोरा दाना पानी का व्यवस्था करते आ रहे हैं। प्रतिवर्ष आम जनों को नि:शुल्क बीज सहित पौधे उपलब्ध करते हैं इस वर्ष भी बीज एकत्रित कर रहे उसके 6 वर्षीय नन्हे पुत्र वृक्षांश भी उनके साथ दे रहे हैं उनके नन्हे पुत्र का पर्यावरण संरक्षण के लिए बनायें विडियो सोशल मीडिया पर आसानी से मिल जायेंगे लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए अपने तोतली बोली में अपील करते रहते हैं।

**पर्यावरण प्रेमी के द्वारा अस्पताल आने वाले मरीजों को सीड़ बाल भी दे रहे हैं**

श्री साहू पर्यावरण प्रेमी लगातार अनेकों तरह से पर्यावरण संरक्षण की दिशा आम जनों को जोड़ने की कोशिश करते आ रहे हैं उन्होंने ने बीज एकत्रित कर मिट्टी का सीड़ बाल लगभग 2500 नग बनाया है जिसे अस्पताल में इलाज कराने वाले मरीजों को निशुल्क वितरण कर रहे हैं जिसे मरीज अपने खेत खलिहान व खाली जगह पर रोपित करेंगे लगातार इस तरह अभियान से लोगों में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में जागरूकता आ रहा है आज लोग स्वयं आगे आकर पर्यावरण के संरक्षण दिशा में काम कर रहे हैं । उन्होंने ने अपने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगांव में मटक टपक विधि से पेड़ पौधे के पानी देने के लिए उपयोग में लाये हुए टपक विधि बहुत ही चर्चा में रहा क्योंकि मटका को छोटा सा छेद कर पानी देते हैं जो पानी बचत के लिए बहुत ही कारगर साबित हो रहा है एक दिवस पानी डालने पर गर्मी के दिनों में दो दिन चलता है वहीं अन्य समय पर चार से पांच दिन भी चल जाता है मटका टपक विधि से पानी धीरे-धीरे रीझकर जड़ में टपकता है वहीं पशु पक्षियों के लिए भी पानी काम आ जाता है।सीड बाल भी मिट्टी के लड्डू बनाकर बारिश के दिनों में खाली जगह छिड़काव करने से पौधे आसानी उग जाते हैं। अस्पताल में आये मरीज व मरीज़ के परिजनों को इस वर्ष भी नीम महुआ करंज का बीज वितरण करने के लिए एकत्रित कर रहे हैं।



**वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के लिए कुंआ बचाओ अभियान चलाया जा रहा है**

डोंगरगांव नगर में लगभग 30 सरकारी कुंआ है लेकिन रख रखाव न होने से कुछ जगहों पर कुआं का नाम निशान मिट गया तो कुछ जगह पर कुड़ा कड़कट फेंक रहे जिसे बचाने के लिए श्री साहू पर्यावरण प्रेमी ने नगर में कुआं बचाओ अभियान छेड़ दिया है जिसमें प्रत्येक वार्ड के नागरिकों को इसी मुहिम में जोड़कर कुंआ बचाने के लिए प्रयास कर रहे हैं कुंआ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का बहुत बड़ा हिस्सा है जिससे जल संरक्षण व भूमिगत स्रोत का बढ़ाने में मदद करता है हम सब को इस पहल में जुड़कर योगदान देना चाहिए क्योंकि आज पानी की किल्लत हर जगह देखने को मिल जाता है।

## वीरांगना दुर्गावती बलिदान दिवस मनाया गया

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम सुखरी में आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज के तत्वावधान में वीरांगना दुर्गावती बलिदान दिवस मनाया गया। बूढ़ा देव पूजा अर्चना के साथ मांदरी नित्य के साथ कलश यात्रा को पूरे गाँव में भ्रमण कराया गया । कार्यक्रम की शुरुआत में रानी दुर्गावती की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य विभा साहू, अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष गनेश साहू विशेष अतिथि के रूप में घनश्याम साहु सरपंच को आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर सहमति साफ़ी ने कहा श्रीमती साहू ने कहा गोंडवाना समाज द्वारा वीरांगना रानी दुर्गावती का बलिदान मनाना इस बात का घोतक है की रानी दुर्गावती ने अल्प आयु में ही मुगलों को लोहे के चने चबाये है। रानी का जीवन बलिदान, संघर्ष और साहस से भरा था।उनके साहस को आज पुरा देश नमन करता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से खम्मन ठाकुर, मोहन साहू, दुर्दासन साहू तुलसी ठाकुर, नकुल ठाकुर, लोकनाथ ठाकुर, मेघनाथ साहू, पुनारद साहू, रेसम साहू, बेदूराम, चुम्मन साहू, मानिक मण्डावी, नरसिंग यादव साहू , कीर्तन ठाकुर, बिरजू निषाद, संजीव साहू , तामसिंग अरकरा, ढ़ालसिंग मण्डावी, ओम प्रकाश कतलाम, परसराम, शुक्ल सिंह, चित्रांखन अरकरा, लोकनाथ अरकरा, नकुल अरकरा, मानिक मण्डावी, हेमराय मांडवी आदि उपस्थित थे।



## मनगटा स्कूल में नव प्रवेशी बच्चों को मिठाई खिलाकर पुस्तक एवं गणवेश वितरण किया

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** दिन बुधवार को ग्राम मनगटा राजनांदगांव में शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शाला द्वारा संयुक्त शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। नव प्रवेशी विद्यार्थियों का इस कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया एवं निशुल्क गणवेश एवं पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। अतिथियों द्वारा अपने संबोधन में बच्चों को शाला प्रवेश उत्सव एवं जीवन में शिक्षा के महत्व को समझाया गया। आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती अनीता डिगेंद्र सिन्हा (उपाध्यक्ष जनपद पंचायत राजनांदगांव), विशिष्ट अतिथि के रूप में अंगेश्वर देशमुख (सदस्य जिला पंचायत राजनांदगांव) एवं अन्य अतिथियों के रूप में मोहनिश धनकर (सदस्य जनपद पंचायत राजनांदगांव) परदेशी राम सोनबोइर (तिलई मंडल अध्यक्ष) यशवंत वर्मा (महामंत्री) बैजनाथ सिन्हा (सरपंच ग्राम पंचायत मनगटा) अशोक साहू (सांसद प्रतिनिधि) उमाशंकर साहू (अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति) कोदूराम साहू (ग्राम पटेल) परमानन्द साहू, तारेश साहू, धनुष निर्मलकर, महेश्वरी साहू, भुनेश्वरी साहू एवं अन्य ग्रामवासी तथा तीनो शाला के शिक्षक उपस्थित रहे । आज उपस्थित समस्त बच्चों हेतु नेवता भोज का आयोजन शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष उमाशंकर साहू के द्वारा किया गया जिसमें सभी बच्चों को खीर, पूड़ी, दाल चावल व मिस्ठान दिया गया। उपरोक्त जानकारी शाला के प्राधार्य श्रीमती संगीता गुप्ता द्वारा दिया गया ।



## स्कूल में शिक्षा के साथ संस्कार भी सीखें बच्चे - प्रतिमा चंद्राकर

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राजनांदगाव संकुल प्राचार्य .अजय मसीह ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन के आदेशानुसार प्रदेश सहित विभिन्न स्कूलों में शाला प्रवेशोत्सव का शानदार आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में संकुल समग्र शिक्षा केन्द्र धामनसरा में अध्यक्ष जनपद पंचायत राजनंदगांव देवकुमारी साहू सभापति जिला पंचायत राजनंदगांव साहू अध्यक्ष मंडल राजनांदगांव हारसी अभिषेक चंद्राकर सभापति जनपद पंचायत राजनंदगांव योगेंद्र वैष्णव पूर्व जनपद सदस्य गौरी कृत लाल पटेल सरपंच भगवानी निषाद पप्पू चंद्राकर देवल साहू तिलक निषाद अध्यक्ष शासकीय पूर्वमाध्यमिक विद्यालय रामचंद्राकार वरिष्ठ नागरिक लालाराम निषाद चुममन निषाद बिसे पटेल कृष्णा पटेल सिलीप पटेल जानू पटेल अतिथियों की मौजूदगी में मां सरस्वती के तैलचित्र पर पूजा अर्चना कर शाला प्रवेश उत्सव शुभारम्भ किया स्कूली छात्र द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया कार्यक्रम 23 जून सोमवार आयोजित किया गया। शाला प्रवेशोत्सव के ऐतिहासिक पल में ग्राम धामनसरा पालक वर्ग बहुत सी संख्या मे सम्मिलित रहे। यह आयोजन संकुल समग्र शिक्षा केन्द्र धामनसरा शास. उ. मा. शाला धामनसरा पूर्व मा. शाला धामनसरा मुडपार भोथीपार खुर्द/ , प्राथमिक शाला धामनसरा ग्राम पंचायत एवं समस्त ग्रामवासी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया है। इस अवसर अजय मसीह नवनीत पाटिल प्रधान पाठक रोहित साहू प्रधान पाठक संजीव शर्मा संतोष देशमुख धनजंय साकुरे सतीष गुप्ता संतोष ठाकुर माधो उइके राजेश चौरसिया जीवनलाल बेलसरिया नीतू चौरसिया शिक्षकों की उपास्थित रही उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे 9वी पूर्व माध्यमिक विद्यालय से 6वी एवं 1ली प्राथमिक विद्यालय से पहली के छात्रों को मुँह मीठा कर गणवेश प्रदान कर प्रवेश दिलाई गईं 9वी के छात्राओं को पाठय पुस्तक प्रदान किया गया। पूर्व सरपंच पुनू राम पटेल द्वारा समस्त विद्यार्थियों को पेन वितरण किया गया तथा नेवता भोज रामचंद चंद्राकर अध्यक्ष पूर्व माध्यमिक शाला धामनसरा के द्वारा आयोजित किया गया समस्त छात्र छात्राओं शिक्षकों को कराया गया उक्ताशय की जानकारी संकुल प्राचार्य अजय मसीह ने दी।



## जल एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने ग्राम मनगटा, जोरातराई, मुड़ीपर में निकाली गई जलयात्रा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** महिलाओं ने जूनून एवं जज्बे के साथ राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम मनगटा, जोरातराई, मुड़ीपर में जलयात्रा निकाली। महिलाओं ने कलश लेकर गांव में भ्रमण करते हुए जल एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पद्मश्री श्रीमती फूलबासन यादव ने सोख्ता गड्ढा बनाने के लिए श्रमदान किया तथा ग्रामीणों को सोख्ता गड्ढा बनाने प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पानी के बूंद-बूंद को बचाने के लिए सभी को आगे आना होगा। लगातार प्रयास से हरियाली बहिनी नीर और नारी जलयात्रा एक दिन भी रूकी नहीं चाहे गर्मी हो या बरसात हो, यह अभियान न रूकने वाला है, महिलाओं के उत्साह को देखते हुए ऐसा लग रहा आने वाले गर्मी में परिणाम अच्छा आएगा। हरियाली बहिनी बड़ी संख्या में पौधे लगाकर उसे वृक्ष बनाने के लिए कार्य कर रही है। महिलाएं स्वयं तो पौधा लगा रही है। साथ ही दूसरे को भी प्रोत्साहित कर रही है।



## धर्म समाचार....

# नवंबर 2025 में शुरू होंगे विवाह के मुहूर्त



गुरु के अस्त होने की वजह से फिलहाल शादी-विवाह के कार्यक्रम नहीं हो रहे हैं। उनके उदित होने से पहले देवशयनी एकादशी आने की वजह से अब शहनाई नवबंर में बजेगी। इस दौरान शादी के निमंत्रण बांटने का काम भी किया जाएगा। मगर, क्या आप जानते हैं कि शादी के पहले पांच कार्ड किसे दिए जाते हैं। विवाह के कारक देवगुरु बृहस्पति 9 जुलाई को उचित होंगे। इसके बाद मांगलिक कार्य किया जा सकेंगे। मगर, 6 जुलाई को देवशयनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु के योग निद्रा में चले जाएंगे। ऐसे में 4 महीना के लिए शादी के कार्यक्रम स्थागित हो जाएंगे। विवाह की अगली तिथियां देवउठनी ग्यारस 1 नवंबर 2025 के बाद शुरू होंगी। शादी के शुभ मुहूर्त 2 नवंबर से फिर से शुरु हो जाएंगे। इस दौरान शादी के काड्र्स भी बांटे जाएंगे। मगर, क्या आपको पता है कि निमंत्रण देने का भी एक क्रम होता है। सबसे पहले शादी का कार्ड भगवानों में किसे दिया जाता है। परिवार में सबसे पहला कार्ड किसे दिया जाता है। इसके पीछे क्या कारण है। मगर, इससे पहले जानते हैं कि नवंबर और दिसंबर में कब हैं शादी के मुहूर्त।

**इन तारीखों पर बजेगी शहनाई**

शादी के शुभ मुहूर्त नवंबर में 2, 3, 6, 8, 12, 13, 16, 17, 18, 21, 22, 23, 25, 30 तारीख को हैं। इसके बाद दिसंबर में 4, 5, 6 तारीख को भी इस साल शादी के शुभ मुहूर्त मिल जाएंगे।

शादी का पहला कार्ड प्रथम पूज्य और विघ्नहर्ता भगवान गणेश को दिया जाता है। इसके पीछे का कारण है कि गणेश जी का आशीर्वाद बिना किसी रुकावट के संपन्न होते हैं। वैवाहिक जीवन के शुरुआत और सुखमय जीवन की कामना के लिए उनकी पूजा करते हैं।

सृष्टि के पालनहार भगवान विष्णु हैं, जबकि जीवन को चलाने के लिए लक्ष्मी की जरूरत होती है। इसलिए दूसरा निमंत्रण उन्हें दिया जाता है, ताकि वैवाहिक जीवन में सुख-समृद्धि और ऐश्वर्य बना रहे। परिवार की रक्षा के लिए हर व्यक्ति का कोई न कोई कुलदेवी या कुलदेवता होता है। शादी का तीसरा कार्ड उन्हें ही दिया जाता है। यह परिवार की आस्था और कृतज्ञता प्रकट करने का तरीका है, ताकि पूर्वजों का आशीर्वाद मिलता रहे। विवाह के बाद संतान उत्पत्ति और उनकी रक्षा कुलदेवी या देवता आगे भी करते रहें। शादी के दौरान देवी-देवताओं के आह्वान के साथ ही पितरों को भी याद किया जाता है। इसलिए पूर्वजों का आशीर्वाद लेने के लिए चौथा कार्ड पितरों के निमित्त निकाला जाता है। शादी का पांचवा कार्ड और रिश्तेदारों में पहला कार्ड मामा को भेजा जाता है। दरअसल, वह मामेरा या भात लाता है। शादी में वर या वधू के पिता के बाद दूसरामहत्वपूर्ण काम मामा का ही होता है।




## कब से शुरू हो रहे हैं पितृ पक्ष, कौवों को ही इस दौरान क्यों कराते हैं भोजन

पितरों की आत्मा की शांति और उनके मोक्ष के लिए किए जाने वाले पुण्य कार्यों का समय पितृ पक्ष कहलाता है। इस दौरान पितरों के निमित्त तर्पण और श्राद्ध किए जाते हैं। पितरों का उनकी मृत्यु तिथि पर उनका श्राद्ध किया जाता है। पितृ पक्ष को श्राद्ध पक्ष, महालय पक्ष, अपर पक्ष, सोलह श्राद्ध, या कनागत के नाम से भी जाना जाता है। इस समय पर पूर्वजों को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया जाता है और उनके लिए पिण्डदान और तर्पण जैसे कर्मकांड किए जाते हैं। कहते हैं कि पितरों की आत्मा इस दौरान धरती पर आती है। जब परिवार के सदस्य उन्हें भोग निकालते हैं, उनके लिए धर्म-कर्म करते हैं, तो वह संतुष्ट होते हैं और परिवार को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं। पितृ पक्ष भाद्रपद मास की पूर्णिमा से आश्विन मास की अमावस्या तक मनाया जाता है। इस साल श्राद्ध पक्ष 7 सितंबर 2025 से शुरू हो रहे हैं। ये 21 सितंबर 2025 को समाप्त होंगे। जिस तिथि में पितरों की मृत्यु हुई होती है, उस तिथि को उनका श्राद्ध कर्म किया जाता है। यदि किसी पूर्वज के निधन की तिथि ज्ञात न हो, तो उनके लिए सर्वपितृ अमावस्या के दिन पिंडदान या श्राद्ध करना चाहिए। इस दौरान कौवों को भोजन देने का विधान होता है। आपके भी मन में सवाल उठता होगा कि आखिर इतने जीवों में कौवों को ही श्राद्ध का भोजन देने के लिए क्यो चुना गया। इसका जवाब गरुड़ पुराण में मिलता है। उसमें बताया गया है कि कौवों में पृथ्वी, पाताल और स्वर्ग यानी तीनों लोकों में आने-जाने की शक्ति है। इसके अलावा वह पितरों और यमलोक का प्रतिनिधि होता है। वह यमराज का दूत भी होता है। मान्यता है कि कौवे के जरिये ही पितर पृथ्वी लोक में आते हैं। इसलिए कौवों को भोज कराने का विधान किया गया है। मान्यता है कि ऐसा करने से वह अन्न सीधे पितरों तक पहुंचता है। कहते है कि यदि कौवा भोजन खा ले, तो इसे शुभ संकेत माना जाता है। इससे पता चला है कि पूर्वजों ने आपने दिए भोजन को स्वीकार किया है।



nandgaon times june-26-2.qxd 6/25/2025 11:58 PM Page 4




- क्रिकेट किट
- फुटबाॅल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971


# आपातकाल के दौरान नागरिकों के विचार एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा मौलिक अधिकारों का किया गया हनन - महापौर

## संविधान की हत्या आपातकाल के दंश को सहन करने वाले नागरिकों तथा लोकतांत्रिक मूल्यों को पुर्नस्थापित करने के लिए संघर्ष करने वाले मीसा बंदियों के सम्मान में किया गया रैली का आयोजन



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** लोकतंत्र की हत्या आपातकाल तथा संविधान की हत्या आपातकाल के दंश को सहन करने वाले को स्मरण करने तथा लोकतांत्रिक मूल्यों को पुनस्थापित करने के लिए संघर्ष करने वाले लोगों के सम्मान में आज रैली का आयोजन किया गया। रैली गुरूद्वारा से प्रारंभ होते हुए शहर के नगर पालिक निगम राजनांदगांव के टाऊन हाल पहुंची। इस अवसर पर संविधान की हत्या आपातकाल पर आधारित फोटो प्रदर्शनी लगाई गई थी, जिसका नागरिकों ने अवलोकन किया। इस दौरान वर्ष 1975 में आपातकाल के समय राजनांदगांव के लोकतंत्र सेनानी मीसा बंदी जिन्होंने जेल में बंदी के रूप में यातना झेली उन्हें तथा उनके परिजनों को सम्मानित किया गया।

महापौर श्री मधुसूदन यादव ने कहा कि भारतीय संविधान देश की आत्मा है और भारतीय संविधान के साथ किसी भी तरह का खिलवाड़ उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने 1975 से 1977 की समयावधि में आपातकाल लागू कर संविधान की हत्या की थी। 1971 के आम निर्वाचन में श्रीमती इंदिरा गांधी देश की प्रधानमंत्री बनी। तत्कालीन जननेता श्री जयप्रकाश नारायण ने उच्च न्यायालय में इस निर्वाचन के खिलाफमुकदमा दायर किया था। उच्च न्यायालय द्वारा यह निर्णय लिया गया कि तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने श्री जय प्रकाश नारायण को निर्वाचन में हराने के लिए सरकारी तंत्र का दुरूपयोग किया था तथा उन्हें दोषी पाया गया। उन्हें 6 साल के लिए किसी भी निर्वाचित पद पर आसीन होने से वंचित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि संविधान की धारा 352 अंतर्गत राष्ट्र में



आपातकालीन परिस्थितियों में आपातकाल लगाया जा सकता है, लेकिन अपने पद का दुरूपयोग करते हुए व अपनी सत्ता बचाने के लिए उन्होंने देश में आपातकाल की घोषणा की थी। इस दौरान नागरिकों के विचार एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा मौलिक अधिकारों का हनन किया गया। आपातकाल के दौरान लोगों में भय एवं असुरक्षा का माहौल रहा तथा देश के बड़े नेताओं एवं नागरिकों ने आपातकाल के खिलाफसंघर्ष किया। 1977 की आम निर्वाचन में देश की जनता ने वोट के माध्यम से आपातकाल का विरोध किया। आपातकाल के दौरान बड़ी संख्या में नागरिकों, पत्रकारों, नेताओं को मीसा में बंद किया गया था। उनके स्मरण में आज लोकतंत्र की हत्या आपातकाल दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर लोकतंत्र सेनानी मीसा बंदी श्री कुलवंत सिंह कक्कड़, मीसा बंदी की पत्नी श्री निर्वाणी की पत्नी श्रीमती बसंतलता निर्वाणी, मीसा बंदी श्री धनुकलाल के पोते एवं परिजनों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाज सेवी श्री कोमल सिंह राजपूत, अपर



कलेक्टर श्री प्रेम प्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम श्री खेमलाल वर्मा एवं अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर संविधान की हत्या आपातकाल को घटना क्रम को वीडियो के माध्यम से दिखाया गया तथा लोकतांत्रिक मूल्यों को कायम रखने एवं संविधान के संरक्षण के लिए आपातकाल के दुष्परिणाम को बताया गया। आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर आपातकाल से प्रभावित जन नेताओं, पत्रकारों एवं नागरिकों के सम्मान में उस कालखंड को याद करते हुए यह दिन मनाया जा रहा है।

## रातापायली से अदिति का प्रयास में चयन

**डोंगरगांव( नांदगांव टाइम्स )।** विकासखंड के मिडिल स्कूल रातापायली से अदिति पिता चुलन सिंग का प्रयास आवासीय विद्यालय बालोद , संचालित दुर्ग में चयन हुआ है।



विदित हो कि मिडिल स्कूल रातापायली में शैक्षणिक वातावरण बेहतर रहा है विगत वर्ष भी दो छात्राओं का चयन प्रयास आवासीय विद्यालय के लिए हुआ है। अदिति प्रारंभ से ही मेधावी छात्रा रही है, इस वर्ष कक्षा आठवीं की वार्षिक परीक्षा में विद्यालय में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त की है। आवासीय विद्यालय में चयन होने पर परिजन में खुशी का माहौल है। इस उपलब्धि पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी आर एल पात्रे, संकुल प्राचार्य एन एल कमरिया, एस एम सी अध्यक्ष संगीता साहू रुदगांव प्राचार्य ममता विश्वकर्मा,प्रधान पाठक मनोहर लाल साहू, महेंद्र बघेल,एम डी बंजारे , श्रीराम मारकंडे, कुन्ती साहू विद्यालय के शिक्षकगण मेहन्दू राम पटेल,सुजाता भेलोटकर, सुन्दर साहू, केडी मानिकपुरी, संतोष देवांगन, राजेश हिचामे , मंदा सोनटेके ने छात्रा और पालक को बधाई एवं शुभकामनाएं दिए।

## राशन वितरण में देरी से नागरिक परेशान, अवधि बढ़ाने और थम मशीन से वितरण की मांग

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर पंचायत डोंगरगांव में शासकीय उचित मूल्य की दुकानों पर राशन वितरण में हो रही देरी से आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नेता प्रतिपक्ष और पार्षद सद्दाम खत्री ने इस मुद्दे को उठाते हुए खाद्य वितरण की अवधि बढ़ाने और ओटीपी सत्यापन की जगह थम मशीन के उपयोग की मांग की है।



नगर पंचायत में खाद्य वितरण के लिए तीन दुकानें संचालित हैं, जो 15 वार्डों के उपभोक्ताओं की जरूरतें पूरी करती हैं। तीन माह का राशन एक साथ वितरित करने की व्यवस्था के बावजूद, अब तक किसी भी वार्ड के सभी उपभोक्ताओं को राशन नहीं मिल पाया है। राशन प्राप्त करने के लिए उपभोक्ताओं को मोबाइल के माध्यम से 8 ओटीपी दर्ज करने पड़ रहे हैं, जिससे वितरण प्रक्रिया धीमी हो रही है और दुकानों पर भीड़ बढ़ रही है। सद्दाम खत्री ने बताया कि वर्तमान व्यवस्था के कारण नागरिकों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। खाद्य वितरण की अंतिम तिथि जुलाई 2025 है, लेकिन मौजूदा गति से सभी उपभोक्ताओं तक राशन पहुंचाना संभव नहीं होगा। उन्होंने मांग की कि वितरण अवधि को बढ़ाया जाए और ओटीपी सत्यापन को हटाकर थम मशीन के माध्यम से राशन वितरण किया जाए, ताकि प्रक्रिया को गति मिल सके और नागरिकों की परेशानी कम हो।

# जल्द ही वार्ड अध्यक्ष एवं नए पदाधिकारियो की होगी नियुक्ति : सूर्यकांत जैन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** 24 जून 2025 दिन मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज जी के आदेश अनुसार शहर जिला कांग्रेस के प्रभारी बृजेश शर्मा शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा के निर्देशानुसार शहर दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की समीक्षा बैठक ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सूर्यकांत जैन के नेतृत्व में ब्लॉक कार्यालय भरका पारा वार्ड नंबर 27 में संपन्न हुई। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री नीरज कन्नौज ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर आज दक्षिण ब्लॉक की समीक्षा बैठक संपन्न हुई एवं बैठक में निर्णय लिया गया कि हर माह यह बैठक अलग-अलग वार्डों में की जाएगी ,एवं जिन वार्डों में वार्ड अध्यक्ष सक्रिय नहीं है वहां नए वार्ड अध्यक्ष बनाए जाएंगे, एवं नए कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोड़ा जाएगा बैठाक में ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने कहा कि ब्लॉक संगठन द्वारा रचनात्मक कार्यों को भी संपादित किया जाएगा ,और आम जनता से जुड़ने का प्रयास कांग्रेस जन करेंगे, एवं वार्ड एवं लोकल स्तर की समस्याओं के समाधान हेतु सभी कांग्रेस जन संघर्ष करके जनता



शहर दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की समीक्षा बैठक संपन्न

से सीधा संपर्क बनाने का काम करेंगे। उन्होंने सभी उपस्थित कांग्रेस जनों से ट्रिपल इंजन की भाजपा सरकार की असफलताओं को जनता के बीच लाने के लिए सोशल मीडिया एवं उचित प्लेटफार्म के माध्यम से आम जनता के हक के लिए जनता के साथ खड़े होकर उनकी समस्याओं को दूर करने का प्रयास करने की बात कही ,और उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस एवं शहर जिला कांग्रेस से प्राप्त निर्देशों के अनुसार संगठन सदैव पार्टी हित एवं जनहित में कार्य करेगा। उक्त अवसर पर शहर जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष राजू खान, वरिष्ठ कांग्रेसी मामराज अग्रवाल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष प्रकाश बाफना,ब्लॉक उपाध्यक्ष डॉ राकेश कुमार, लक्खू रुचंदानी ,महामंत्री राजेश चौहान ,नीरज कन्नौज, सतीश सोन पिपरे, जोन प्रभारी अवधेश प्रजापति ,खिलेश बंजारे, पार्षद अमीन हुड्डा ,महामंत्री कमलू विक्रमनेताम, महेश यादव, वार्ड अध्यक्ष तेन सिंह साहू, सागर ताम्रकार, संयुक्त महामंत्री अरशद खान, वार्ड अध्यक्ष रहीम मेमन ,कमल डोंगरे ,ज्ञानेंद्र चंद्राकर, संयुक्त महामंत्री मोहन चुनूरकर ,दुर्गेश धीवर , जीवन , प्रदीप यादव, जावेद अशरफ, सलमान, रजत सहित ब्लॉक के कांग्रेस जन बैठक में शामिल हुए।

# शहर का वॉलीबॉल सितारा महेंद्र और निखर गया

## अंडर 19 एशियन वॉलीबॉल में कप्तानी कर देश को दिलाया ब्रांच मेडल ...

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर के उभरते वॉलीबॉल खिलाड़ी महेंद्र ध्रुव ने अपने खेल को और भी अधिक धारदार करते हुए बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली है । अंडर 19 एशियन वॉलीबॉल में महेंद्र ध्रुव के नेतृत्व में भारतीय टीम ने कांस्य पदक जीतकर देश को गौरशाली स्थान दिलाया है । तीसरे स्थान के लिए हुए मैच में भारत ने किर्गिस्तान की टीम को 3 - 1 के अंतर से हराकर कप पर अपना अधिकार कर लिया । ताशकंद और उज़्बेकिस्तान के संयुक्त आयोजन में 10 जून से 16 जून तक अंडर 19 मेंस वॉलीबॉल चैंपियनशिप का आयोजन ताशकंद में किया गया । नगर के युवा वॉलीबॉल खिलाड़ी महेंद्र ध्रुव को उक्त चैंपियनशिप के लिए भारतीय दल का कप्तान चुना गया । अपने शानदार खेल की बदौलत साथी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए महेंद्र ने अपनी टीम को पहली जीत किर्गिस्तान के खिलाफ 3 - 0 के शानदार अंतर दिलाया । अगले दौर में भारत का मुकाबला उज़्बेकिस्तान के साथ हुआ । इस मैच को भी महेंद्र की टीम ने आसानी से 3 - 1 के अंतर से जीत लिया । अंतिम रूप से अब भारतीय दल को तीसरे स्थान के लिए किर्गिस्तान से ही खेलना था । पहले दौर में भारत ने उसे मात दी थी । पूरे आत्मविश्वास के साथ खेलते हुए भारत ने तीसरे स्थान के लिए भी किर्गिस्तान को हराकर कप अपने नाम कर लिया ।



# हैंडबॉल प्रीमियर लीग संपन्न

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर निगम हैंडबॉल संघ द्वारा विश्व हैंडबॉल दिवस 23 जून के अवसर पर राजनांदगांव हैंडबॉल प्रीमियर लीग का आयोजन किया गया जिसमें कुल 12 टीमों ने भाग लिया जिसका समापन समारोह 23 जून के किया गया एवं सभी हैंडबॉल खेल प्रेमियों द्वारा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शबनम अंसारी के मार्गदर्शन में साइकिल रैली भी निकाली गई

**प्रतियोगिता के समापन समारोह में अतिथि के रूप में पधारे**

खेल एवं युवा कल्याण के सहायक संचालक श्री ए. एक्का जी, दिग्विजय महाविद्यालय के खेल अधिकारी श्री अरुण चौधरी जी एवं गायत्री शिक्षण समिति के



सचिव श्री गगन लड्डा जी । इस प्रतियोगियों में महिला वर्ग में असल गर्ल्स की टीम ने विजय हासिल किया वही दूसरे स्थान पर रही वॉरियर्स गर्ल्स पुरुष वर्ग में सुपर सेवन की टीम ने विजय हासिल किया और दूसरे स्थान पर रही डायनेमिक डिफेंडर की टीम वही प्लेयर ऑफद टूर्नामेंट महिला वर्ग में तनुजा को और पुरुष वर्ग में कुणाल को प्राप्त हुआ इस प्रतियोगिता में कुल 100 खिलाड़ियों ने भाग लिया सभी विजेता खिलाड़ियों को प्रतियोगियों के अध्यक्ष श्री अखिलेश मिश्रा ,सचिव श्री जयेश मुदलियार,संरक्षक श्री रितेश देवांगन ,पूनाराम यादव,प्रफुल्ल इंदौरकर,विमल शर्मा एवं संघ के सदस्य तरुण भास्कर गुप्ता ,आदर्श गुप्ता,दीपक पटेल ,निसार अब्बास,राहुल सोनसाकरा,अंकिता वर्मा,शिखा साहू,नेहा सिन्हा,रोहित सिंन्हा,श्रेयांश राव ने बधाई दी।


सुनहरा अवसर

पढ़ने- पढ़ाने वाले विद्यार्थी सह- शिक्षक सपने साकार करने के लिए रूपये 9 हजार प्रतिमाह से शुरू कर 45 हजार प्रतिमाह की गारंटी देता है



योग्यता : 12वीं पास, फेल से पीएचडी तक सभी आवेदन कर सकते हैं

-: संपर्क करें :-

इंजीनियर पी एल सुलाखे

राजनांदगांव, मो. 9425554092


# योगाश्रम नहीं चल रहा था भोगाश्रम

## फार्म हाउस योगाश्रम में बेंच रहा था अवैध रूप से गांजा , आरोपी से 1.993 किलोग्राम गांजा जप्त, आरोपी विगत 10 वर्षों से गोवा में चला रहा था योगाश्रम

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** योगाश्रम नहीं चल रहा था भोगाश्रम ये हम नहीं कह रहे पब्लिक बता रही है कि कैसे तरुण योग आश्रम के नाम पर भोगाश्रम चला रहा था. वही आश्रम के नाम पर चल रहा था पाखंड का प्रोग्राम जिसका पर्दाफ़ाश हो गया. इस पाखण्डी बाबा की पोल उस समय खुली जब इसे गोवा और वास्कोडिगामा की पुलिस को इसके आश्रम की अनैतिक गतिविधियों पर शक होते शिकन्जा कसा गया और गोवा से दूर चले जाने की हिदायत के बाद डोंगरगढ़ में अपना अनैतिक कार्यो को आश्रम की आड़ में अंजाम देकर युवा पीढ़ी को नशे की गर्त में धकेल पैसा कमाने उद्देश्य था. परंतु धर्मनगरी की माँ बम्लेश्वरी व डोंगरगढ़ पुलिस की कृपा से योगी के रूप में अनैतिक कार्य करने वाले भोगी की सच्चाई सामने आई जिसे हम अपनी कलम में बंया नहीं कर सकते. वही बताया जाता है कि पवित्र प्रज्ञागिरी पहाड़ी के पास शांति और साधना की आड़ में जो कुछ चल रहा था, उसकी परतें जब खुलीं तो पुलिस से लेकर पब्लिक तक दंग रह गई। जो बाबा गेरुए कपड़ों में योग और अध्यात्म का ढोंग कर रहा था, वही फार्महाउस की दीवारों के पीछे गांजे की पुड़िया, हिरोइन, शिलाजीत,सेक्स टॉय और नशीले इंजेक्शन सहित अन्य मादक पदार्थ सहित पिस्टल छुपा रखा था. आश्रम की आड़ में चल रहा था नशा और देह व्यापार का नेटवर्क- बताया जाता है कि तरुण अग्रवाल उर्फ सोनू उम्र 45 साल है दिखने में एक तपस्वी संत की तरह सिर पर जटाएं,बड़ी दाढ़ी,नाक में नथुनी और होंठों पर शांति की बातें। लेकिन हकीकत में यही बाबा आश्रम की ओट में गांजे का व्यापार, विदेशियों से बने संबंधों के जरिए अवैध दवाइयों का नेटवर्क और नशे के दलदल में स्थानीय युवाओं को धकेलने का धंधा चला रहा था। कुछ साल पहले तक तरुण गोवा में बस चुका था और कोई विदेशी लड़की से शादी कर खरबो का आसामी बन विदेशी पत्नी की सहायता से योगाचार्य का चोला पहन कर विदेशी सहित देशी पर्यटको को नशे का आदी बना कर उनका भविष्य खराब कर रहा था. वही बताया जाता है कि योगाचार्य ने विदेशी पर्यटकों को योग सिखाने के नाम पर एक खास किस्म का नेटवर्क खड़ा किया जिसमें विदेशी महिलाएं, रिट्रीट पैकेज, मेडिटेशन कैंप — सब कुछ



पैक और पॉलिश आदि की सुविधा उपलब्ध कराता था. बताया जाता है कि गोवा पुलिस की नजर में आते ही योगाचार्य ने अपना ठिकाना प्रज्ञागिरी की पहाड़ी के पास 35 एकड़ जमीन लेकर एक आश्रम बनाया, लोगों को बताया कि वह गोवा जैसा हेरिटेज योग सेंटर खोल रहा है जिसमे ध्यान , साधना, आत्मबोध और योग सिखाया जाएगा ,लेकिन पुलिस को उसकी हरकतों पर पहले से शक था इसलिए पुलिस ने फार्महाउस पर दबिश दी और तलाशी में फार्महाउस के बरामदे में रखे दीवान से 1.993 किलो गांजा बरामद हुआ. इसके अलावा वहां से सेक्स टॉय, नशीली गोलियां, इंजेक्शन और कई आपत्तिजनक सामग्री भी मिली जिसका हम उल्लेख नहीं कर सकते पर धर्मनगरी की जनता समझदार है. वंही फार्महाउस के एक कमरे में कुछ ऐसे वीडियो उपकरण और विदेश से मंगाए बॉक्स भी मिले जिनकी जांच अब साइबर सेल कर रही है।पूछताछ में बाबा तरुण ने खुद को 100 देशों में घूम चुका च्अंतरराष्ट्रीय योगगुरुज् बताया. साथ ही उसने यह भी दावा किया कि वह 10 से ज़्यादा एनजीओ का डायरेक्टर है और विदेशों से फंडिंग आती है।

पुलिस अब इन तमाम एनजीओ, पासपोर्ट, बैंक खातों और सोशल नेटवर्क्स की जांच कर रही है। शांति शिविरज् में गांजा देकर ध्यान लगाने की दी जा रही थी ट्रेनिंग. सूत्र बताते हैं कि फार्महाउस में देर रात तक बाहरी लड़के-लड़कियों का आना-जाना था। इलाके के कुछ युवाओं को बाबा के च्शांति शिविरज् में गांजा देकर ध्यान लगाने की ट्रेनिंग दी जा रही थी। शक यह भी है कि यहां छोटे लेवल पर रेव पार्टियों जैसा कुछ शुरू करने की प्लानिंग चल रही थी।आश्रम बरामद चीजें सिर्फ अवैध नहीं, बल्कि समाज के लिए ख़तरनाक हैं। एक ऐसा बाबा जो गोवा के रंगीन अनुभव लेकर डोंगरगढ़ जैसे धार्मिक कस्बे में आया और यहां की पवित्रता के बीच नशे और वासना की फैक्ट्री खोल दी — यह मामला जितना सनसनीखेज है, उतना ही शर्मनाक भी बाबा तरुण अब सलाखों के पीछे है लेकिन उसके कनेक्शन अभी बाकी हैं। जांच एजेंसियां उसके विदेशी नेटवर्क, फंडिंग चैनल और पूरे गिरोह की तलाश में हैं.

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com